प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 16.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा चित्रकूट में होने वाले पंचायत चुनाव में लगे जनपदीय पुलिस बल को ब्रीफ कर किया गया रवाना...

आज दिनाँक 16.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा द्वितीय चरण के लिये दिनांक 19.04.2021 को जनपद चित्रकूट में होने वाले आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद महोबा से जनपद चित्रकूट को आवंटित हुये सुरक्षा बलो से वार्ता कर कोविड-19 के बढते असर को देखते हुये, जिन बसों से पुलिस बल को प्रस्थान करना था उन बसों को फायर सर्विस की मदद से सैनेटाइजेशन का कार्य किया गया तथा सभी को मास्क/सैनेटाइजर वितरण किया गया व कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मतदान कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये जनपदीय पुलिस बल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में सम्पन्न हुये प्रथम चरण के लिये दिनांक 15.04.2021 को हुये पंचायत निर्वाचन को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिये जनपदीय पुलिस बल के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारीगणों को बधाई दी गयी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी से अपेक्षा की गयी कि सभी अपनी ड्यूटी में साफ, स्वच्छ वर्दी धारण करें, मास्क का प्रयोग शत-प्रतिशत करें व लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, सीओ श्री रामप्रवेश राय, श्री उमेश चन्द्र, श्री तेज बहादुर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैनजीत सिंह, प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ श्री अभिमन्यु सिंह, उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी, पीआरओ उ0नि0 राजेश मौर्य व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।







# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 16.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया नगर भ्रमण जनपदवासियों को कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत किया गया जागरूक...

आज दिनांक 16.04.2021 को जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम द्वारा बड़ी तेजी से फैल रहे **कोरोना वायरस (कोविड 19)** से बचाव/रोंकथाम के मद्देनजर नगर क्षेत्र का भ्रमण किया गया, जनपद महोबा में मास्क के प्रयोग का जायजा लिया गया साथ ही जिन लोगों को इस दौरान बिना मास्क के बाहर पाया गया उनको मास्क की उपयोगिता के बारे में समझाया गया एवं कोविड के नियमों का पालन करने की अपील की गयी एवं दोबारा ऐसा न करने की सख्त चेतावनी दी गयी साथ ही बताया गया कि सोशल डिस्टेन्सिंग को बनाये रखें।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी से अपील की गयी कि बिना आवश्यक कार्य के घरों से बाहर न निकलें जब बहुत ही जरुरी हो तब ही घरों से बाहर निकलें तथा घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें, जिससे इस महामारी को फैलने से रोंका जा सके, आप सभी पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्र0नि0 कोतवाली अनूप दूबे, प्रभारी यातायात उ0नि0 अरविन्द मिश्रा, पीआरओ राजेश मौर्य, महिला उ0नि0 शिल्पी शुक्ला व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।






Mahoba Police